उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लि0,
110 औद्योगिक आस्थान, फजलगंज, कानपुर 208012

निविदा सूचना तिथि
20.08.2018

निविदा खुलने की तिथि
31.08.2018

अल्प कालीन निविदा सूचना

उ0 प्र0 लघु उद्योग निगम लि0, 110 औघोगिक आस्थान, फजलगंज, कानपुर से सम्बन्धित निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित करता है।

क0 सं0	वर्ष	कार्यो का विवरण	समयावधि	धनराशि
1	2009—10 से 2016—17 तक	1. उ0प्र0 लघु उद्योग निगम लेखा सम्बन्धी सभी प्रकार के बुक्स को तैयार करना अर्थात् बुककीपिंग का कार्य। 2. निगम के 23 योजनाओं से सम्बन्धित लेखों के मिलान का कार्य। 3. लेखों के इन्टरनल आडिटेड बैलेन्श शीट का कार्य	—	—

उक्त से सम्बन्धित कार्यो का विस्तृत विवरण निगम के उप प्रबन्धक लेखा 1 एवं 2 से कार्यालय अवधि में दूरभाष संख्या 0512—2241622, 0512—2236642 पर सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। उल्लिखित कार्यो हेतु वार्षिक आधार पर देय धनराशि एवं उक्त कार्य में लगने वाले समय का उल्लेख किया जाना अनिवार्य है। चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट फर्म उक्त कार्य हेतु अपनी कार्यप्रणाली एवं शर्तो आदि का भी उल्लेख कर सकते हैं। इच्छुक चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट फर्मे निविदा सूचना तिथि दिनांक 20.08.2018 से दिनांक 30.08.2018 को अपरान्ह 5:00 बजे तक निगम मुख्यालय, फजलगंज, कानपुर उप प्रबन्धक लेखा के समक्ष निविदा बाक्स में निविदा डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 31.08.2018 को अपरान्ह 2:00 बजे गठित निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। जिसमें इच्छुक फर्म या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। बिलम्ब से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। एक निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा।

निविदादाता इच्छुक चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट फर्म अपने स्वयं के प्रार्थना पत्र पर रजिस्ट्रेशन नम्बर, पैन नम्बर, एवं जी0एस0टी0 नम्बर एवं अपने समस्त अनुभव से सम्बन्धित प्रपत्रों को संलग्न करेंगे तथा निविदा कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर मूल प्रपत्रों से मिलान करायेंगे।

कृते प्रबन्ध निदेशक
उ0 प्र0 लघु उद्योग निगम लि0